सुशासन सूचकांक, 2021 में बिहार

चर्चा में क्यों?

25 दिसंबर, 2021 को सुशासन दिवस के अवसर पर केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के द्वारा सुशासन सूचकांक जारी किया गया, जिसमें ग्रुप 'बी'में बिहार को 6वीं रैंक प्राप्त हुई है।

प्रमुख बिंदु

- जीजीआई-2021 में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को चार श्रेणियों- समूह ए, समूह बी, पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्य, केंद्र शासित प्रदेश में बाँटकर रैंकिंग दी गई है। जीजीआई-2021 तैयार करने के लिये 10 क्षेत्रों के 58 संकेतकों पर विचार किया गया है।
- बिहार ने सुशासन सूचकांक की समग्र रैंकिंग में 4.624 स्कोर के साथ ग्रुप 'बी'में 6वीं रैंक प्राप्त किया है, वहीं मध्य प्रदेश ने इस ग्रुप में प्रथम रैंक प्राप्त किया है तथा गुजरात ने ग्रुप 'ए'में प्रथम रैंक प्राप्त की है।
- बिहार ने पिछले सूचकांक (2019) की तुलना में अपने स्कोर में 5 प्रतिशत की वृद्धि की है। पिछली बार इसका स्कोर 4.40 था, जो अब बढ़कर 4.624 हो गया है।
- बिहार ने मूलत: सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता, समाज कल्याण एवं विकास क्षेत्र तथा न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा क्षेत्र में सुधार किया है।
- सुशासन सूचकांक 10 क्षेत्रों पर आधारित है, जिसमें बिहार की रैंकिंग तथा स्कोर निम्नलिखित हैं-

क्षेत्र	बिहार की रैंकिंग	स्कोर
1. कृषि और संबद्ध क्षेत्र	6वीं	0.442
2. वाणिज्य एवं उद्योग क्षेत्र	7वीं	0.626
3. मानव संसाधन विकास क्षेत्र	तृतीय	0.507
4. सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र	तृतीय	0.287
5. सार्वजनिक अवसंरचना और उपयोगिता क्षेत्र	प्रथम	0.754
6. आर्थिक शासन क्षेत्र	5वीं	0.417
7. समाज कल्याण एवं विकास	8वीं	0.385
8. न्यायिक एवं सार्वजनिक सुरक्षा	7वीं	0.227
9. पर्यावरण क्षेत्र	7वीं	0.330
10. नागरिक केंद्रित शासन	चतुर्थ	0.469

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bihar-in-good-governance-index,-2021